दिन–रविवार दिनांक– 29 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सुपौल, मधुबनी सहित कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला। बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

02. कटिहार रेल मंडल ने बाढ़ के मद्देनजर जोगबनी तक जाने वाली कई रेलगाड़ियों का आंशिक समापन फारबिसगंज में किया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में मेक इन इंडिया पहल की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

04. और, प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को जन–जन तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती की सराहना की।

---

प्रदेश में कोसी और गंडक बराज से बडे पैमाने पर पानी के डिस्चार्ज के बाद विभिन्न जिलों में निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है । गंडक बराज से साढे पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण , गोपालगंज और अन्य जिलों में बाढ का खतरा मंडरा रहा है । जल संसाधन विभाग ने 13 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है । इधर, वीरपुर स्थित कोसी बराज से भी छह लाख क्यूसेक से अधिक पानी आज सुबह छोड़ा गया । इसके बाद से इसमें गिरावट हो रही है । हालांकि कोसी के बेसिन क्षेत्र स्थित कई जिलों में इसका प्रभाव देखा जा रहा है । सहरसा, मधुबनी में कई हिस्सों में बाढ़ का प्रभाव है । नेपाल में बागमती और महानंदा के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के चलते ये नदियां उफान पर है । शिवहर में बागमती और कटिहार में महानंदा के जलस्तर में बढोतरी हुई है । 20 प्रखंडों में बाढ के कारण डेढ लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है । एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय नाविकों के द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

कटिहार रेल मंडल क्षेत्र में बाढ के चलते रेलगाड़ियों के परिचालन पर प्रभाव पड़ा है । वहीं पश्चिमी चंपारण जिले में पटरियों पर गश्त बढ़ा दी गयी है।सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कई निचले इलाकों में लोग प्रभावित हुए हैं ।

———बाईट———

कोसी नदी के जलस्तर में आंशिक कमी आई है। आज शाम पांच बजे तक कोसी नदी से 3 लाख 57 हजार से अधिक क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया । इधर कोसी नदी में फ्लैश फलड के बाद जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, मरौना, निर्मली एवं सरायगढ़ –भपटियाही क्षेत्र के तटबंध के भीतर कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। जिला प्रशासन राहत बचाव कार्य में जुटा है। कई स्थलों पर राहत शिविर का संचालन किया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव अभियान चला रहे हैं। जल संसाधन विभाग के अभियंता तटबंधों की निगरानी कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित निकाला गया है ।

———बाईट———

मधुबनी जिले में कोसी नदी और कमला बलान के जलस्तर में बढोतरी के कारण मधेपुर और जयनगर के कई क्षेत्र प्रभावित हुए हैं ।

———बाईट———

कोसी के विकराल रुप से जिले में कई स्थानों पर लोग दहशत में हैं । मधेपुर प्रखंड के महपतिया, गढ़गांव, बसीपट्टी,भरगामा,द्वालख, डारह और अन्य पंचायतों में पानी भरा हुआ है। जिला प्रशासन ने बांध की निगरानी बढ़ा दी है । डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने अधिकारियों और कर्मियों को अलर्ट रहने का आदेश दिया है। इधर कोसी और कमला बलान नदी की बाढ़ से प्रभावित दो दर्जन से अधिक पंचायतों में धान की खेती चौपट हो गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

गंडक बराज पर दबाव के बाद सभी 36 फाटक खोल दिये गये हैं । पश्चिम चंपारण जिले में वाल्मिकी नगर सहित कई क्षेत्रों में बाढ का पानी फैल गया है। गोपालगंज के सदर प्रखंड में कई इलाके बाढ से घिर गये हैं । यहां रामनगर जागिरी टोला में बड़ी आबादी प्रभावित हुई है । लोगों ने जिला प्रशासन से राहत कार्य चलाने की मांग की है ।

———बाईट———

सीतामढ़ी के बेलसंड प्रखंड अंतर्गत मधकौल गांव के पास बागमती नदी का तटबंध टूटने से कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के पिपराही प्रखंड अंतर्गत बेलवा के पास बागमती तटबंध में दरार आ जाने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

———बाईट———

हमारे कटिहार सवांददाता ने बताया कि रेल मंडल ने जोगबनी तक रेलगाडियों का परिचालन अस्थाई रुप से स्थगित कर दिया है । जोगबनी जंक्शन पर यार्ड में पानी प्रवेश कर गया है । कटिहार रेल मंडल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सहरसा जोगबनी पैसेंजर ट्रेन, जोगबनी दानापुर एक्सप्रेस और सीमांचल एक्सप्रेस का परिचालन अगले आदेश तक फारबिसगंज तक ही होगा ।

———————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर, चौथम और अलौली प्रखंड की एक बड़ी आबादी कोसी और बागमती नदी के उफान से दहशत में हैं। जिला प्रशासन ने नदी के तटीय इलाकों में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी है।

———————————————————

सीतामढ़ी जिले में बागमती नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाने से बेलसंड प्रखंड के दर्जनों गांव में बाढ़ से जन—जीवन प्रभावित हो गया है। जिलाधिकारी रिचि पांडेय और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

———————————————————

सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर मकेर, अमनौर, तरैया और पानापुर अंचल के निचले क्षेत्रों में बसे गांवों का निरीक्षण किया।

———————————————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज पटना में एनडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बाढ़ को लेकर समीक्षा बैठक की । श्री राय ने कहा कि केंद्र सरकार बाढ को लेकर राज्य सरकार से लगातार संपर्क में है ।

उन्होंने कहा कि जरुरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाले को लेकर वायुसेना भी तैयार है । उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की 11 टीम तैनात है । आठ को रिजर्व रखा गया है ।

---बाईट---

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत विभिन्न विभागों के अलावा जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस को लेकर समीक्षा बैठक की । उन्होंने आपदा मोचन बल को बाढ की किसी भी स्थिति को लेकर अलर्ट रहने को कहा।

---

राज्य के उत्तरी भागों में मॉनसून की सक्रियता बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण जिलो में अति भारी वर्षा हुई है। सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज में एक सौ पैंतीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज और कल त्तपश्चिम चंपारण, गोपालगंज, खगड़िया और बांका समेत राज्य के उत्तर पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में भारी वर्षा की संभावना है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्य वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता का उल्लेख किया।

---बाईट---

वोकल फॉर लोकल, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में टेक्सटाइल की एक पुरानी परंपरा है – 'भंडारा टसर सिल्क हैंडलूम'। भंडारा के कुछ हिस्सों में 50 से भी अधिक सेल्फ हेल्प ग्रुप इसे संरक्षित करने के काम में जुटे हैं। इनमें महिलाओं की बहुत बड़ी भागीदारी है। और यही तो मेक इन इंडिया की स्प्रिट है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया। रोजगार में बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नये सेक्टर के उभरने के साथ–साथ रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। श्री मोदी ने क्रिएट इन इंडिया थीम की पच्चीस चुनौतियों के बारे में बताया।

–––बाईट–––

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 'क्रियेट इन इंडिया' इस थीम के तहत 25 चौलेंजिस शुरू किए हैं। कुछ चौलेंजिस तो म्यूजिक, एजुकेशन और यहाँ तक कि एंटी पाइरेसी पर भी फोक्सड़ हैं। देश–भर के क्रियेटर्स से मेरा विशेष आग्रह है कि वे इसमें जरूर हिस्सा लें और अपनी क्रियटिविटी को सामने लाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। ये क्षण उन्हें भावनाओं से भर देता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती से जुडे लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही ये कार्यक्रम इस महत्वपूर्ण पडाव तक पहुंच सका है।

–––बाईट–––

मैं आज दूरदर्शन, प्रसार भारती और ऑल इंडिया रेडियो से जुड़े सभी लोगों की भी सराहना करूंगा। उनके अथक प्रयासों से 'मन की बात' इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुंचा है।

त्यौहारों के मौसम का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्र से शुरू होकर अगले दो महीनों तक देश में पूजा–अर्चना, व्रत–उपवास और उत्सव–उल्लास का माहौल रहेगा। प्रधानमंत्री ने आने वाले त्यौहारों के लिए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

पौधरोपण महाअभियान एक पेड मां के नाम में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो प्रेरणादायी हैं।

---

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रसार भारती, आकाशवाणी और दूरदर्शन की

सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सहगल ने कहा कि प्रधान मंत्री द्वारा तीनों संस्थाओं के कर्मचारियों की सराहना किया जाना उनके लिए एक प्रेरणा है, और इससे कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिला है।

---

और अब प्रस्तुत है स्वच्छता ही सेवा श्रृंखला के तहत आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति । आज की कड़ी में सारण जिले की रिपोर्ट–

–––बाईट–––

सारण जिले में छपरा नगर निगम कचरे से कंचन बनाने की पहल पर जोर शोर से काम कर रहा है । यहां कचरे को रेड्यूश, रियूज और रिसाइकल के तहत प्रबंधन किया जा रहा है । नगर निगम प्रशासन ने एक विशेष केंद्र स्थापित किया है जिसके तहत प्लास्टिक और कागज का पुनरचक्रण केंद्र स्थापित किया है । उप महापौर रागिनी कुमारी ने बताया कि अपशिष्ट पदार्थों से सजावट की वस्तुएं बन रही हैं । वही प्लासिटक की बोतलों और पुराने कपड़ों से बनी कलाकृतियों की स्थानीय बाजारों में मांग है ।

बाइट

बड़ी संख्या में इस अभियान से महिलाएं भी जुड़ी हैं । अलग अलग कार्यशालाओं की मदद से महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है वहीं किसानों को जैविक खाद बनाने की तकनीक से भी अवगत कराया जा रहा है ।आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह ।

---

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट को विश्व स्तरीय ब्रांड बनाया जायेगा। श्री सिंह आज निफ्ट पटना के विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे।

---

आबकारी मंत्री रत्नेश सादा ने कहा है कि राज्य में शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है। श्री सादा ने आज पटना में फुलवारीशरीफ के चिलविल्ली गांव में मद्य निषेध को लेकर जन–जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महादलित समुदाय के लोगों को नुक्कड़ नाटक के जरिए शराब के नुकसान के बारे में बताया गया।

---

01. पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सुपौल, मधुबनी सहित कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला। बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

02. कटिहार रेल मंडल ने बाढ़ के मद्देनजर जोगबनी तक जाने वाली कई रेलगाड़ियों का आंशिक समापन फारबिसगंज में किया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में मेक इन इंडिया पहल की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

04. और, प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को जन–जन तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती की सराहना की।

---

समाप्त